केन्द्रीय सचिवालय में अग्निकांड

४३१. { **श्री मोहन स्वरूप :**
श्री यशपाल सिंह :
महाराजकुमार विजय आनन्द : }

क्या निर्माण, आवास और संभरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ५ अक्तूबर की रात को सेन्ट्रल सेक्रेटेरियट के "ऐल" ब्लाक में आग लगी थी;

(ख) यदि हां, तो हानि का विस्तृत विवरण क्या है; और

(ग) क्या यह आग किसी की असावधानीवश लगी अथवा शरारत की गई ?

निर्माण, आवास और संभरण मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना): (क) आग केन्द्रीय सचिवालय भवन के निकट बने अस्थायी मकानों (हटमेंटों) में "ऐल" ब्लाक में नहीं, अपितु "आई" ब्लाक में लगी थी।

(ख) कुछ फाइलें और लकड़ी की आल्मारियां जल गयीं। इस इमारत के एक भाग में सीमेंट के पलस्तर, खिड़कियों के शीशों, दरवाजों, खिड़कियों, छतों, कड़ियों और रोशनदानों को नुकसान पहुंचा। कुछ लोहे के सन्दूकों को भी क्षति पहुंची।

(ग) आग के कारणों की पुलिस अधिकारी जांच कर रहे हैं।

T.B. Patients in Himachal Pradesh

432. **Shri D. C. Sharma:** Will the Minister of **Health** be pleased to state:

(a) the number of T.B. patients in Himachal Pradesh at present; and

(b) the number of those out of them for whom beds are available?

The Minister of Health (Dr. Sushila Nayar): (a) and (b). No regular T.B. survey has been conducted in Himachal Pradesh and reliable figures are not available. Beds are available for 245 patients.

आयुर्वेदिक औषधियां

४३३. **श्री लखमू भवानी :** क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आयुर्वेद की ऐसी कितनी तथा कौन सी औषधियां हैं जो आधुनिक वैज्ञानिक परीक्षणों द्वारा सफल सिद्ध हुई हैं; और

(ख) उक्त सफल औषधियों की क्या विदेशों में मांग है।

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में प्रयुक्त तथा भारतीय भेषज संहिता के द्वितीय संस्करण में सम्मिलित बनस्पति औषधियों की सूची नीचे दी गई है।

१. अनन्तमूल
२. हिंगु (हिंग)
३. अशोक
४. अश्वगंधा
५. बेल
६. कत्था
७. भांग
८. लाल मिर्च
९. चिराता
१०. धतूरा
११. जरामांसी
१२. कालमेघ
१३. हरड़
१४. बाकुची
१५. पुनर्नवा
१६. सर्पगन्धा
१७. रास्ना
१८. कुष्ठ (कूठ)